# जिला जेल में युवक की मौत, निष्पक्ष जांच की मांग

## परिजनों ने पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला जेल पांढुर्ना तहसील के तिगांव निवासी भावराव उइके उम्र 48 वर्ष की मौत ने पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भावराव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा मारपीट की गई, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई।

परिजनों के अनुसार भावराव उइके को पुलिस ने 3 जून को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) में गिरफ्तार किया था। सोमवार सुबह 9 बजे परिजनों को फोन आया कि भावराव को अचानक हार्ट अटैक आया है। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक उन्हें मौत की सूचना दे दी गई। मृतक की बॉडी छिंदवाड़ा जिला अस्पताल लाई गई है, जहां पोस्टमार्टम किया जा रहा है।



### पत्नी का आरोप, कपड़े फटे थे, छाती पर थे चोट के निशान

भावराव की पत्नी शर्मिला उइके ने बताया कि वह कुछ दिन पहले जेल में अपने पति से मिलने गई थीं। उस दौरान भावराव ने उन्हें बताया था कि पुलिस वालों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी शर्ट फटी हुई थी और छाती पर गहरे चोट के निशान थे। भावराव ने छाती में दर्द की भी शिकायत की थी। इसके बाद अचानक मौत की सूचना मिलने से पूरा परिवार सदमे में है।

### कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं था

परिजनों का कहना है कि भावराव उइके पर पहले कभी कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग और पुलिस ने मिलकर उन पर झूठा केस बनाया। अब उनकी मौत के बाद परिवार पूरी तरह बिखर गया है।

### पीछे रह गए पत्नी और तीन बच्चे

भावराव के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं, 18 साल का बेटा, 16 साल की बेटी और 13 साल का एक और बेटा। अब इस परिवार की जिम्मेदारी अकेली शर्मिला उइके पर आ गई है, जो न्याय की गुहार लगा रही हैं।

### परिजनों की मांग निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई हो

मृतक के परिजनों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और अगर हिरासत में मारपीट की वजह से मौत हुई है तो संबंधित पुलिसकर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

# मप्र शासन वल्लभ भवन का आदेश नहीं मानते ट्रेजरी आफीसर


कार्यालय जिला कोषालय अधिकारी छिंदवाड़ा (म0प्र0)

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शासन मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का आदेश है कि शासकीय अधिकारी डिजिटल फाइल, डिजिटल सिग्नेचर से संपादित करें परंतु छिन्दवाड़ा में विवादित जिला कोषालय अधिकारी जहां एक ओर बिल पास करने में अधिकारी, कर्मचारियों को परेशान करते है

इससे कर्मचारियों का खासकर संविदा आऊटसोर्स के कर्मियों का समय पर वेतन नहीं मिलता तो वहीं दूसरी ओर छिन्दवाड़ा कलेक्टर के आदेशों को दरकिनारे रख वे अपना आदेश फालो करवा रहे है कि सभी अधिकारी डिजीटल सिग्नेचर के अलावा हार्ड कॉपी में में फाईल सिग्नेचर कर भेजे।

क्या यह मध्यप्रदेश शासन के नियमों का उल्लंघन नहीं है। उनके द्वारा जारी किया गया पत्र यह दर्शाता है कि डिजीटल सिग्नेचर की कोई अहमियत नहीं है, हार्ड कॉपी में ही फाईल भेजे। अब देखना यह है कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा दिया गया आदेश उसके बाद जिला कलेक्टर के द्वारा दिया गया आदेश कोषालय अधिकारी लागू करेंगे या नहीं समय ही बताएगा।

## सार-समाचार

# उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कृषको को उत्तम गुणवत्ता का उर्वरक बीज एवं कीटनाशक प्रदाय करने के दृष्टिगत खरीफ 2025 हेतु जिले मे 10 जून 2025 से 10 अगस्त 2025 तक विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है। विभाग को प्राप्त सूचना के आधार पर गत 14 जून 2025 को कलेक्टर छिंदवाडा के निर्देशानुसार कृषि विभाग, राजस्व एवं सहकारिता विभाग की सयुक्त टीम द्वारा विकासखण्ड बिछुआ के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति खमरा एवं निजी उर्वरक विक्रेताओ के प्रतिष्ठान मे औचक निरीक्षण किया गया। समिति प्रंबधक द्वारा डी0ए0पी को कृषको को वितरण न करते हुए अनावश्यक रूप से भंण्डारण किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र जारीकर स्पष्टीकरण चाहा गया है।

जॉच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर 03 निजी उर्वरक विक्रेताओ मे0 साई कृषि केन्द्र खमरा, मे0 महालक्ष्मी कृषि केन्द्र खमरा एवं मे0 माँ शारदा कृषि केन्द्र महुआमोड विकासखण्ड.बिछुआ के द्वारा उर्वरको का पी0ओ0एस मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्कंध का मिलान नहीं पाया जाना एवं आवश्यक दस्तावेजो का संधारण नही किये जाने के कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत उर्वरक अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# छिन्दवाड़ा में लिपिक, पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के तबादले

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा द्वारा शासन की स्थानांतरण नीति के तहत 79 पटवारी, तीन राजस्व निरीक्षक, एक आपरेटर एवं 17 लिपिक और एक भृत्य का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। परंतु वर्षो से जमे कुछ विवादित लिपिको का स्थानांतरण नहीं किया गया है जबकि ऐसे विवादित और कार्यालयों को दूषित करने वाले ऐसे भी कर्मचारी है जिन्हें बदला जाना आवश्यक था परंतु स्थानांतरण नहीं किया गया ऐसी चर्चा है।

# बिजली गिरने से एक की मौत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सुआतला थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी से लगे पाणाझिर मंदिर के रास्ते में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई और दो बच्चे मामूली रूप से झुलस गए। घटना में बताया जाता है कि ग्राम देवरी निवासी नीतेश पिता भागचंद पटेल 26 वर्ष एवं शिवम पिता पप्पू ठाकुर 10 वर्ष, राजा पिता नरेंद्र 9 वर्ष पाणाझिर मंदिर की ओर से घर लौट रहे थे। जिनके पास मोबाइल भी था। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी तो नीतेश व दोनों बच्चे चपेट में आ गए। घटना की जानकारी लगते ही तीनों को इलाज के लिए रौंसरा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां नीतेश को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि शिवम और राजा की हालत ठीक है और वह चल-फिर रहे हैं। अस्पताल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस ग्राम कान्हरगांव के उपभोक्ताओं ने रोशन वितरण में गड़बड़ी होने की स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एक शिकायत प्रस्तुत की है। पिछले दो मोहन से कम मात्रा में राशन दिया जा रहा है तथा कंप्यूटरीकृत पर्ची न देकर हस्तलिखित पर्ची जा रही है। कंप्यूटरीकृत पर्ची मांगने पर नहीं दी जाती। ग्रामवासियों ने उक्त सहकारी समिति कान्हरगांव की जांच की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बछड़ा घायल, किया उपचार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद जिला गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ तिवारी ने बताया कि रविवार रात्रि करीब 11.30 नरसिंहपुर रोड पर लापरवाही पूर्वक अज्ञात वाहन ने गाय के बछड़े को टक्कर मार कर भाग गया सूचना मिलते ही कुंडीपुरा थाना प्रभारी मनोज बघेल, डॉ. टांडेकर मौके पर पहुंचे और जनता की मदद से बछड़े को पकड़कर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय रहवासी ऋषभ सेंगर, रूपचन्द्र यदुवंशी, जय यदुवंशी, दीप पटेल उपस्थित थे।

विश्व हिंदू परिषद का आरोप पशुओं की व्यवस्था मे निगम का कोई ध्यान नहीं है सिर्फ अधिकारियों के बंगले व दफ्तरों के सामने से लावारिस पशु गौ शाला पहुंचाया जाता बाकी शहर मे नगर निगम का कोई ध्यान नहीं निगम की पशुओं के प्रति विगत वर्षों से लापरवाही जारी ही है ।



# आदिवासियों ने पट्टे के लिए सौंपा ज्ञापन



## ग्रामीणों ने कहा, हमें अतिक्रमणकर्ता न समझें, हम वर्षों से खेती कर रहे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 16 जून सोमवार को ग्राम गुमतरा, पाथरी, पठराखुर्द, बधनमाल, जगतरा, हलाल, होला पिंडरई विकास खंड बिछुआ एवं चौरई आदि ग्रामों के लगभग 47 बफर जोन के अतिक्रमणकर्ता आदिवासी ट्रायवल वनांचल क्षेत्र जिला छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश के मूल निवासी है। हमारे पूर्वजों एवं हम लोगों के द्वारा वन भूमि एवं राजस्व की भूमि पर मकान एवं भूमि काश्त किया गया है। जो कि 1990 के पूर्व से है।

कार्यालय परिक्षेत्र अधिकारी कुमपानी बफर जोन से सूचना पत्र नोटिस तामिल की गई है कि आप लोग उक्त भूमि में काश्त ना करे। नहीं तो आपके द्वारा उस भूमि पर जुताई बुआई की गई फसल को नष्ट कर दी जायेगी।

हमारे द्वारा ग्राम गुमतरा के 219 लोग एवं अन्य ग्रामो 900 लोगों के द्वारा विगत 2007-08 में पट्टे के लिए आवेदन फाइल कर वन विभाग को सभी वर्ग के लोगों ने कार्यवाही की उसमें से ग्राम गुमतरा के 58 लोगों को भूमि अधिकार पट्टे प्राप्त हुये हैं। बाकि लोग शेष रह गये है।

अत: हम सभी ग्रामीण वनवासी मांग करते है कि गरीबो को पट्टा दिया जाए। वन विभाग बफर जोन हमसे साक्ष्य मांग रहा है। कि उक्त भूमि जिनमें मकान व भूमि काश्त है।

दस्तावेज प्रस्तुत करे। दस्तावेज तो हमारे लिए वह है कि हम सब लोगों ने अतिक्रमण एक साथ किया गया है जिसमें कुछ परिवारों पट्टा प्राप्त हो गया है अब हमें भी पट्टा प्रदान किया जावे की मांग कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर की है।

# मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने किशोर सावले

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे ने बताया की पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कपाले द्वारा शासकीय सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के कारण जिला अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने के उपरांत कार्यकारी अध्यक्ष को प्रभार दिया था। इसकी सूचना प्रदेश कार्यालय भोपाल को भेजी गई। अध्यक्ष पद हेतु सभी की सहमति से किशोर सांवले का नाम प्रस्तावित किया गया था जिसे प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा द्वारा जिला अध्यक्ष पद हेतु किशोर सांवले को आगामी आदेश तक मनोनीत किया गया एवं पूर्व जिला अध्यक्ष के द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को प्रभार सौपा गया।



श्री सावनेरे बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा के जन्म दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा के द्वारा स्थानीय मोक्ष धाम चंदनगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा किशोर सावले, पूर्व सचिव नारायण दत्त ने पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कपाले संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे, विभागीय समिति अध्यक्ष कमलेश तुर्के, राजस्व विभाग विभागीय अध्यक्ष जितेंद्र डेहरिया आदि कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर संघ के संरक्षक बालाराम परतेती, मार्गदर्शक नारायण ढाकने, सलाहकार काशीराम शुक्ला, संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे, विभागीय अध्यक्ष कमलेश तुर्के, विभागीय अध्यक्ष जितेंद्र डेहरिया आदि कर्मचारियों ने किशोर सांवले को बधाइयां प्रेषित की साथ ही कहा है कि वे कर्मचारी हित में कार्य करते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# महिला सेवादल में जिला एवं उप ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला महिला सेवादल अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुल नाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सुरेश कपाली की अनुशंसा पर महिला सेवा दल प्रभारी हेमबाबू राजपूत की सहमति पर महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान ने रामप्यारी उईके को जिला सचिव पद पर एवं सरस्वती विश्वकर्मा को जिला संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया।




इसी प्रकार नगर ब्लॉक में उत्तर उप ब्लॉक अध्यक्ष तुलसा साहू को दक्षिण उप ब्लॉक अध्यक्ष सन्नो कुमरे, मध्य उप ब्लॉक अध्यक्ष दीपिका नागले, पूर्व उप ब्लाक अध्यक्ष सीता सरेयाम एवं पश्चिम उप ब्लॉक अध्यक्ष संगीता बट्टी को नियुक्त किया गया।

इनकी नियुक्ति पर महिला एवं पुरुष सेवा दल साथियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी। नियुक्त पदाधिकारियों ने नेताद्वय के हाथों को मजबूत करने की बात कही है।

# महापौर ने किया भरतादेव प्लांट का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही नगर निगम का अमला शहर में स्वच्छ जल प्रदाय हेतु आवश्यक कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भरतादेव प्लांट के निरीक्षण के लिए नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके एवं वरिष्ठ नेता मनोज कुशवाह पहुंचे।



यहां पहुंचकर महापौर ने वर्षा ऋतु में पानी सप्लाई की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान महापौर ने स्वच्छ एवं शुद्ध पानी के सप्लाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

# भाजपा की अमरवाड़ा संकल्प सभा आयोजित

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा नगर मंडल अमरवाड़ा संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत वृक्षारोपण के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामिनी शाह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर चुनौती का सामना किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन तिवारी ने महिला सशक्तिकरण और युवाओं को मिले अवसरों का जिक्र किया। सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना और किसान सम्मान निधि शामिल हैं। गरीब कल्याण योजना के तहत 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।

वही विधायक प्रतिनिधि दीपक दीपक नेमा केंद्र और राज्य सरकार की योजना जानकारी दी और मोदी सरकार को गरीबों



की हितेषी सरकार बताया कार्यक्रम के अंत मे नगर मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा द्वारा उपस्थित अतिथिगणों और भाजपा के सभी ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

कार्यक्रम मैं विशेष रूप से उपस्थित रहे अमरवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी, मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा, वरिष्ठ नेता संतोष पटेल, बालकृष्ण साहू, रज्जू चौरसिया, महामंत्री आशु चचड़ा, मुकेश सूर्यवंशी, विनोद चौरसिया, शैलेंद्र पटेल, प्रहलाद सूर्यवंशी, सभापति संजू बाई सूर्यवंशी, नीतू पटेल, आरिफ शाह, राजकुमार वरकड़े, धनपाल शाह, महामंत्री अनुसाईयाा उईके, मीनाक्षी जामठे, सरजू वर्मा, सूरज ठाकुर, सचिन जैन, कृष्ण वर्मा, राजू सराठे, अमित नेमा, सुनील जैन, अनिल रक्कू चौरसिया, मोनू साहू, अनिल साहू, लकी चौरसिया, सुनील ठाकुर, संजय डेहरिया, सुदेश नागवंशी, अर्पित लाला, आशीष सुर्यवंशी, सत्यनारायण सूर्यवंशी, सतीश सूर्यवंशी, केदार डेहरिया, लोकेश डेहरिया, राहुल डेहरिया, नीरज पटेल उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलने पर

# सिविल सर्जन ने कलेक्टर का जताया आभार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू.ए.एस.) के अंतर्गत 88.61 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए एन.क्यू.ए.एस. एवं मुस्कान क्वालिफाईड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सिविल सर्जन डॉ. नरेश गोन्नाडे द्वारा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को पुष्प गुच्छ देकर आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री सिंह के सतत निर्देशन एवं निगरानी के कारण ही यह उल्लेखनीय सफलता संभव हो सकी है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने हेतु नियमित समीक्षा एवं सतत मॉनिटरिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई थी। इस उद्देश्य से उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की, जिनमें संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल एवं रमेश कुमार मेहरा जैसे अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया। इन अधिकारियों ने समय-समय पर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किए तथा विभिन्न विभागों की गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिविल सर्जन डॉ. गोन्नाडे ने अस्पताल प्रबंधन में उनके योगदान के लिए सभी अधिकारियों को भी पुष्प गुच्छ देकर विशेष आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि 10 से 12 मार्च 2025 के बीच एन.क्यू.ए.एस. एवं मुस्कान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में गहन मूल्यांकन किया गया जिसमें फॉर्मेसी, ओ.पी.डी., आई.सी.यू., ब्लड बैंक, जनरल एडमिन, रेडियोलॉजी, आपातकालीन, ऑक्सीलियरी सर्विसेस, आई.पी.डी., ओ.टी., लैबोरेटरी सहित 15 विभागों की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, आर.एम.ओ. डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे, मुस्कान क्वालिटी नोडल डॉ. अंशु लांबा सहित चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं स्टाफ की टीम वर्क से यह सफलता हासिल हुई। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र, भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

# शारदा मंदिर गुलाबरा में सांसद ने की पूजा अर्चना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शारदा मंदिर गुलाबरा में आयोजित त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सोमवार को महाभिषेक और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। समारोह के अंतिम दिन मंदिर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।



समारोह के अंतिम दिन मंदिर परिसर में सुबह से ही विधि विधान से पूजा-अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। मंदिर में पुजारियों द्वारा विधि विधान से महाभिषेक किया गया। इसी के साथ ही प्रतिष्ठाए शिखरए आरोहणए हवन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम भी हुआ। शाम को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रध्दालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि गुलाबरा स्थित वर्षो पुराने शारदा मंदिर का जीर्णोध्दार सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा कराया गया है। मंदिर के जीर्णोध्दार के बाद मंदिर की समिति द्वारा त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ 14 जून को जल कलश यात्रा के साथ किया गया था। प्रथम दिन मंदिर में पंचाग पूजन और जलाधिवास का आयोजन किया गया। समारोह के दूसरे दिन मंदिर में मंडप पूजन, अनाधिवास, धृताधिवास, पुषाधिवास, फ्लाधिवास, नगर भ्रमण एवं शयाधिवास का आयोजन किया गया।

समारोह के अंतिम दिन मंदिर में महाभिषेक, प्रतिष्ठा, शिखर आरोहण, हवन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मंदिर में पूजा अर्चना की और महाप्रसाद भण्डारे में भाग लिया। यह कार्यक्रम पिछले तीन दिनों से जारी था जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ा।

## सार-समाचार

# किसान कतार में, युवा रोजगार की तलाश में और महिलाएं सुरक्षा के अभाव में : नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के शासन काल में समाज का हर वर्ग परेशान व त्रस्त है। आमजन की परेशानियों का समाधान केवल आश्वासनों में हो रहा है। जमीनी स्तर पर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए लोग सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे फिर भी निदान नहीं होना सरकारी तंत्र की सबसे बड़ी खामी है। सुशासन व सबसे विकास की बात करना झूठ के सिवाए और कुछ भी नहीं है। क्योंकि देश के



वर्तमान, भविष्य व मातृशक्ति को लेकर सरकार गम्भीर नहीं है। आज किसान कतार में, युवा रोजगार की तलाश में और मातृशक्ति सुरक्षा के अभाव में है। उक्त उदगार जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यक्त किए।

नकुलनाथ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। यह ना केवल देश की जी.डी.पी. का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है साथ ही औद्योगिक क्षेत्र के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराता है। आज भी कृषि 70 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को आजीविका प्रदान करता है। इसीलिये कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बावजूद इसके भाजपा की सरकार कृषि व कृषकों की उपेक्षा कर रही है। सम्पूर्ण म.प्र. में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला आधुनिक व तकनीकी खेती में अग्रणी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रयासों से पहले छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र सहित सम्पूर्ण म.प्र. में सोयाबीन की क्रांति आई फिर मक्के की खेती में छिन्दवाड़ा ने इतिहास रचा और कॉर्न सिटी बना तो वहीं पांढुर्ना जिला संतरांचल के नाम से ही जाना जाता है, इसके पीछे की सबसे महत्वपूर्ण वजह यह है कि किसानों को समय पर अच्छी खाद व उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध होते रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व मेरे कार्यकाल में किसानों को कभी भी खाद के लिए भटकना नहीं पड़ा। सबसे पहले खाद की रैक छिन्दवाड़ा के लिए लगती थी और किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद समय पूर्व उपलब्ध कराई जाती थीं। तब किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न व खेती-किसानी लाभ का धंधा बनाए किन्तु भाजपा की सरकार में जिस समय किसानों को अपने खेतों में रहना चाहिए, वे मजबूरीवश खाद के लिए जिले की सहकारी सोसायटियों के सामने कतारबद्ध खड़े हैं, क्या भाजपा का यही किसान हितैषी चेहरा है ? अपनी उपज का सही दाम प्राप्त करने के लिए सड़क पर उतर आंदोलन करने के लिए बाध्य होते हैं, तब जाकर सरकार की नींद खुलती है।

श्री नाथ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ध्यानाकार्षण कराते हुए कहा कि छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले का प्रत्येक किसान विगत दो माह से खाद के लिए लगातार परेशान है। सुबह से शाम तक कतार में खड़े रहने के बाद भी किसान को खाद नहीं मिल रही और वह निराश होकर खाली हाथ लौट रहा है, इस ओर गम्भीरता पूर्वक व अविलम्ब ध्यान दिया जाएं ताकि सभी किसानों को बोवनी पूर्व पर्याप्त मात्रा में खाद मिल जाए।

## उत्कृष्ट विद्यालय में बढ़ीं 50 सीटें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में कक्षा ग्यारहवीं मैथ्स में सीटें कम होने से विद्यार्थियों को प्रवेश लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर पिछले दिनों विद्यार्थियों एवं पालकों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में मैथ्स में सीटें बढ़ाने की मांग की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने शिक्षा मंत्री सहित अधिकारियों संपर्क करते हुए उन्हें पत्र प्रेषित कर उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में मैथ्स क्लॉस की सीटें बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था।

सांसद श्री साहू के प्रयासों से उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में कक्षा ग्यारहवीं मैथ्स में पचास सीटें बढ़ाई जाने के आदेश हो गये है। जिसका सीधा लाभ उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिल सकेगा।



## गोला पूरब जैन महिला मंडल वर्कशॉप का आयोजन किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गोलापूरब जैन महिला इकाई के द्वारा मासिक गतिविधि के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य एवं हार्मोनल प्रबंधन विषय पर एक वर्कशॉप आयोजित की गयी जो कि वीथिका जैन (मेदिनी फर्टिलिटी केयर की फाउंडर व डायरेक्टर) द्वारा संचालित की गयी। इसमें सदस्यों को ऋतु कला संस्कार के बारे में विस्तार से बताया गया एवं एक कुम्भक मैडिटेशन भी दिया गया। इस वर्कशॉप का शुभारम्भ मीनू जैन (अनेकांत महिला मंडल की अध्यक्ष) द्वारा किया गया एवं डॉ. मीना जैन, मधुश्री जैन, विभा जैन, सुषमा जैन, ज्योति पटोरिया, उषा जैन, रविकांता जैन, महिमा जैन, दीपा सांधेलिया आदि उपस्थित रहे।

## शाम को ही क्यों होती है कटौती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रेस काम्पलेक्स छिन्दवाड़ा में प्रतिदिन एक दो घंटे बिजली बंद कर दी जाती है, ऐसा लगता है कि जान बूझकर बिजली विभाग कटौती कर परेशान कर रहा है जबकि प्रेस काम्पलेक्स में पत्रकारो के कार्यालय है और शाम 4 बजे से ही पेपर का काम शुरू होता है और लाईट बंद हो जाती है। बार बार 1912 में शिकायतें दर्ज करानी पड़ती है, अधीक्षक यंत्री का ध्यान अपेक्षित

# सिंगोड़ी मंडल में भाजपा की कार्यशाला

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** .भारतीय जनता पार्टी मंडल सिंगोड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सेवा सुशासन ओर गरीब कल्याण के लिए संकल्पित भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के परिपेक्ष्य मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छाया चित्र का पूजन कर पुष्प अर्पित कर किया गया इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं 11 सालो में होने वाली उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं मंडल प्रभारी नितिन तिवारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता ओर उनके नेतृत्व वाली सरकार जो देश के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पित है। साथ ही देश ओर प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया और संकल्प दिलाया।

आप ओर हम सबको मिलकर प्रत्येक ग्राम में जाकर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही एक एक योजनाओं से लोगो को अवगत कराना है। कार्यशाला में मंच संचालन बद्री पटेल एवं राजेश कहार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मंडल प्रभारी नितिन तिवारी, मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, वरिष्ठ नेता डॉ. उमेश शर्मा, सदस्य गुरूपल खोबरे, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष राजिक अंसारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनमोल बत्रा, महामंत्री रितेश पटेल, विजय डेहरिया, राजेन्द्र डेहरिया, शुगुन परतेती, पिंकू साहू, सुमित विश्वास, सौरभ पटवा, वैभव मलिक, हनी तिवारी, वैभव प्रजापति,



पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश साहू, किसान नेता बंटी परिहार, महामंत्री राजेश कहार, उपाध्यक्ष संजय सोनी, दीपक साहू, राजकुमार चंद्रवंशी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित जैन, मंत्री केशव पटवा, धीरज मालवी, दर्शन पटवा, विजय चंद्रवंशी, सरपंच कपिल ठाकुर, शिवप्रसाद सूर्यवंशी, हजारी चंद्रवंशी, धन्ना पटेल, जनपद अनिल ढाकरे, बालकराम चंद्रवंशी, संतोष पटेल, राकेश वर्मा, विकेश कहार, संजय भाई, ममलेश भाई, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजकुमारी नागेश, लक्ष्मी गुन्हेरे, ममता उइके, सुनीता डेहरिया, देवकी डेहरिया, कविता बाई, शशि बाई, कंचन परतेती, बूथ अध्यक्ष प्रभारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लेने की दी हिदायत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 16 जून को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टी.एल. की बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, सी.एम. कार्यालय, सी.एम. हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने निराकरण योग्य सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों को भी अनावश्यक लंबित रखने पर कड़ी नाराजगी जताई। कई शिकायतें केवल निचले स्तर से जांच प्रतिवेदन प्राप्त न होने पर लंबित पाई गईं। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग प्रमुख फील्ड अमले से जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर प्राप्त करना और शिकायत में निराकरण दर्ज कराना सुनिश्चित कराएं। भविष्य में इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। ऐसे अधिकारियों की लापरवाही के कारण जिले की रैंकिंग खराब होती है। उन्होंने सभी विभागों को सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लेने व हर माह में ए ग्रेड में रहने के निर्देश दिए हैं। गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रभारी मंत्री श्री सिंह के जिले में दौरे के दौरान उन्हें विभिन्न आवेदन प्राप्त हुये हैं। ये आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए हैं, लेकिन सभी में जवाब अभी तक अप्राप्त है। सभी संबंधित विभाग एक सप्ताह के अंदर इन आवेदनों में जवाब भेजना सुनिश्चित करें। अगली टी.एल. बैठक में इस आशय का प्रमाण पत्र भी लेकर आएं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत दोनों संभागों छिंदवाड़ा एवं परासिया में नवागत कार्यपालन यंत्रियों सुधांशु जैन और रवि वर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में जल जीवन मिशन की धीमे रफ्तार को गति देने के लिए दोनों अधिकारियों के वीकली टारगेट तय किए।

जून माह का कुल टारगेट 7000 एफ.एच.टी.सी. कनेक्शन का रखा गया है। साथ ही सख्त हिदायत दी कि विभाग के सभी सहायक यंत्री एवं उप यंत्रियों की उपस्थिति अपने-अपने हेडक्वार्टर में सुनिश्चित कराएं और सुबह से फील्ड पर शेष एफ.एच.टी.सी. का काम चालू हो जाए। ठेकेदारों से भी सख्ती से काम लें।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रदेश में प्रारंभ हुए स्वस्थ लिवर अभियान का जिले में बेहतर क्रियान्वयन कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग की टीम और सभी एस.डी.एम. को दिए हैं। इसकी प्रारंभिक जांच हाइट, कमर की नाप और वजन के आधार पर की जाती है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से भी यह जांच सुनिश्चित करवाएं। इसकी डेली रिव्यू मीटिंग में भी समीक्षा की जाएगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि देखने में आया है कि जो आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं, वहां मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। यदि कोई आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवन की अनुपलब्धता पर किराए के कक्ष या भवन में संचालित किया जा रहा है, तो यह सुनिश्चित कराएं कि जब किराया दिया जा रहा है तो यह सर्वसुविधायुक्त ही हो। सभी एस.डी.एम. भी इसकी समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने मार्कफेड, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और सभी एस.डी.एम. को निर्देश दिए हैं कि जिले में खाद का सुचारू वितरण जारी रहे। कहीं भी किसानों को कोई परेशानी नहीं हो। सोसाइटी के माध्यम से खाद का अधिकतम वितरण कराया जाए। सभी सोसाइटी में यह सुनिश्चित कराएं कि जितनी खाद उपलब्ध है, ऑनलाइन पोर्टल पर भी उतनी ही दिखे। जिससे जिले को आवश्यकता के अनुरूप लगातार रैक प्राप्त होती रहे।

नीट 2025 की परीक्षा में जिले के सरकारी स्कूलों के क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 55 हो गई है। जिले के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी क्वालीफाई हुए हैं, जिनका डॉक्टर बनने का सपना साकार होगा। इसके लिए कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समय-समय पर स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए अपना बहुमूल्य समय और योगदान दिया।

आपका यह प्रयास जिले के विद्यार्थियों के लिए लाइफ चेंजिंग साबित होगा। कलेक्टर ने कहा कि जे.ई.ई. और नीट में मिली यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि संयुक्त प्रयास किए जाएं तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमारे सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों में असीमित क्षमताएं हैं।कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति (सेचुरेशन) शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभागीय अमला एवं सभी एस.डी.एम. इन शिविरों का भली भांति आयोजन सुनिश्चित कराएं। सभी एस.डी.एम. और सी.ई.ओ. जनपद पंचायत 3-3 पंचायतों में खुद जाकर डाटा वेरिफिकेशन करें।

समय सीमा की बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल एवं आर.के. मेहरा, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य एस.डी.एम., तहसीलदार सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी से जुड़े थे।